**खबर संक्षेप**

## डेंगू ,मलेरिया से बचाव के लिए रखें सावधानीं

**शहडोल**। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, यह मच्छर दिन मे काटता है। डेंगू के अधिकांश मामले पूरी तरह से ठीक हो जाते है और उनका प्रबंधन घर पर भी किया जा सकता है। डेंगू मलेरिया के बचाव व नियंत्रण के लिए अपने घर परिसर और आसपास पानी इक_ा न होने दें। अपने घर के सिंक, गमले, हौज आदि में साफ-सफाई रखें। इसके साथ ही घरों की छतों पर अटाला या गंदगी न होने दें। डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छर कहाँ पैदा होते है - छत पर रखी पानी की खुली टंकियां। टूटे बर्तन, मटके, कुल्हड, गमलों में एकत्र जल में। बेकार फेकें हुए टायरों में एकत्र जल में। बिना ढके बर्तनों में एकत्र जल में। कूलर में एकत्र जल में। किचन गार्डन में रूका हुआ पानी। गमले, फूलदान, सजावट के लिए बने फव्वारे में एकत्र जल मे।

ऐसे करें बचाव डेंगू से बचाव डेंगू फैलाने वाले मच्छर रुके हुए पानी में पनपते हैं। इससे बचने के लिए टायर, प्लास्टिक कवर, फूल के बर्तन, पालतू जानवरों के पानी के कटोरे आदि जैसी चीज़ों को ढकें। इन मच्छरों के प्रजनन के लिए उपलब्ध आवास को कम करने (स्थिर पानी को खाली करने से) से डेंगू बुखार की रोकथाम में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से घनी आबादी और भीड़ वाले स्थानों में मच्छर निरोधकों का उपयोग करने से मच्छरों को आपसे दूर रखने में मदद मिल सकती है। कुछ क्षेत्रों की यात्रा करते समय, और यहां तक कि जब आप घर पर हों, तो भी अपनी त्वचा पर मच्छर प्रतिरोधी क्रीम लगाएं। मच्छरों के काटने से बचने के लिए लंबी बाजू के कपड़े और मोटे पैंट, मोज़े और सुरक्षित जूते पहनें। डेंगू बुखार की रोकथाम के आपके प्रयास में, मच्छरदानी के नीचे सोने से आपको मच्छरों के काटने से सुरक्षा मिल सकती है। रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। फूलों के बर्तनों को खाली करें, अपने पालतू जानवर के पानी के कटोरे को साफ करें और बदलें, अपने घर के अंदर किसी भी पानी के पौधे को रखने से बचें, सुनिश्चित करें कि पानी से भरा हुआ हर बर्तन ढका हुआ हो।

### बुढ़वा में शिकायत के बाद कपड़ा दुकान से जब्त हार्ड डिस्क ने उगले वीडियो

# चेंजिंग रूम में कैमरा: महिलाओं सहित दुकानदार के डर्टी वीडियो

**शहडोल**। जिले के अंतिम छोर स्थित देवलोंद थाना के बुढ़वा में शिकायत के बाद पुलिस ने कपड़ा दुकान के चेंजिंग रूम से कैमरा, हार्ड डिस्क जब्त की। खंगालने पर महिलाओं के कपड़ा बदलने के वीडियो सहित खुद दुकानदार के कई डर्टी वीडियो पुलिस के हाथ लगे। फिलहाल पिता-पुत्र पर मामला दर्ज कर ब्यौहारी थाना प्रभारी को जांच सौंपी गई है। थाना क्षेत्र में बुढ़वा बस स्टैंड पर एक कपड़े की दुकान के मालिक ने चेंजिंग रूम में कैमरा छुपा रखा था, जब महिलाएं कपड़े बदलने आती थीं, तो उनका वीडियो चुपके से बनाया जाता था। बाद में दुकान मालिक और उसका बेटा ये वीडियो देखते थे, बेटा कुछ वीडियो मोबाइल में लेकर अपने दोस्तों को भी दिखाने लगा। जब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, तो लोगों को इसका पता चला। महिलाओं ने और स्थानीय लोगों ने मिलकर इसका विरोध किया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर जांच की और चेंजिंग रूम से कैमरा बरामद किया। पुलिस ने दुकान के मालिक और उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।





### मिली थी लिखित शिकायत

थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि बुढ़वा के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी कि बुढ़वा में एक कपड़ों की दुकान के चेंजिंग रूम में कैमरा लगा हुआ है। इस कैमरे से पिता-पुत्र महिलाओं के कपड़े बदलने का वीडियो बनाते थे। एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया, जिसमें गांव की एक महिला दिख रही थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जब लोग दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने हंगामा किया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और दुकान की जांच की। चेंजिंग रूम में छुपा हुआ कैमरा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने कपड़ा दुकान के मालिक नारायण दीन गुप्ता और उनके बेटे के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजनीति का अखाड़ा बना गांजा काण्ड

**शहडोल**। 20 मई को सवा तीन करोड़ का गांजा खेत से जब्त हुआ, चार दिन बाद कार्यवाही के नाम पर जयसिंहनगर टीआई निलंबित हुए, एक ब्रेजा पर 50 हजार का ईनाम घोषित हुआ, लेकिन आरोपी अज्ञात रहे, गांजा कहां से आया, यह भी साफ नहीं हुआ, अलबत्ता पुलिस के इस मामले में आलसी रूख ने इस मामले को राजनीति का अखाड़ा बना दिया। जिसमें कांग्रेस के बाद भाजपा के विधायक तक छुट्टी के दिन कार्यालय खुलवाकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने की जहमत उठानी पड़ी। जिले के इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब करोड़ों का गांजा जब्त तो हुआ, लेकिन न तो आरोपी मिले, न गांजा कहां से आया इसकी जानकारी पुलिस जब्ती 4 दिन बाद तक नहीं दे पाई। हालाकि पुलिस के अंदरूनी सूत्र पहले ही दिन से बता रहे हैं कि एक-दो दिन में खुलासा हो जायेगा, लेकिन शनिवार की सुबह थाना प्रभारी जयसिंहनगर एस.पी. चतुर्वेदी पर निलंबन की गाज गिर गई, इस मामले में पुलिस का कोई प्रेस नोट या आदेश सामने नहीं आया, जिसमें निलंबन का कारण गांजे की जब्ती या जांच दर्शाया गया हो, लेकिन निलंबन को उसी से जोडक़र देखा जा रहा है, इससे पहले के चार दिनों में सोशल मीडिया में जयसिंहनगर से लेकर ब्यौहारी तक के नेताओं के नाम इशारों में सामने आ रहे थे, लेकिन न तो उसकी पुष्टि पुलिस कर रही है और न ही स्पष्ट तौर पर किसी के नाम और जानकारी ही सामने आ पा रही है, इस दौरान यह जरूर हुआ कि करोड़ों के गांजा काण्ड में राजनीति शुरू हो गई। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा पर आरोप लगाने का मौका मिल गया और शनिवार को इस मामले में भाजपा ब्यौहारी के नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र भी सौंपा।

### यह हुआ था पुलिस कार्यवाही में

19 मई को जयसिंहनगर थाना अंतर्गत गश्त के दौरान ग्राम झिरियाटोला क्षेत्र में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गिरूईखुर्द के जंगल में स्थित खेत के समीप एक झोपड़ी के सामने की जमीन पर सफेद रंग की कई बोरियों में गांजा लावारिस अवस्था में छिपाकर रखा गया है। कुल 121 बोरियों में 38 क्विंटल 26 किलो 100 ग्राम जब्त हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3 करोड़ 06 लाख08 हजार रुपये आंकी गई, थाना जयसिंहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई, जो अभी तक अधूरी है।



### शनिवार को थाना प्रभारी हुए निलंबित

जयसिंहनगर थाना प्रभारी एस.पी. चतुर्वेदी को बीते पकड़े गए गांजे की बड़ी खेप और इस मामले में विवेचना तथा अन्य तथ्यों पर लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है, हालांकि पुलिस विभाग ने अभी इन कारणों की पुष्टि नहीं की है, यह माना जा रहा है कि थाना प्रभारी के द्वारा 3 करोड़ से अधिक का गांजा जप्त किया गया था, यह माना जा रहा है कि कुछ स्थानीय लोग ही पूरे मामले से जुड़े हुए थे, लेकिन शायद उन्हें बचाने का खेल खेला जा रहा था, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के द्वारा जयसिंहनगर के थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।

### विधायक मिले एसपी से

ब्यौहारी विधायक शरद कोल दो दर्जन भाजपा पदाधिकारियों के साथ शनिवार की दोपहर अवकाश के बाद भी एसपी कार्यालय पहुंचे, सिर्फ उनसे मिलने व ज्ञापन लेने पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव भी आये, भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के ब्यौहारी ब्लाक अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने सोशल मीडिया पर ''सांसद प्रतिनिधि'' शब्द का उल्लेख कर गांजा काण्ड का मुख्य आरोपी घोषित कर दिया गया। मध्यप्रदेश के समस्त सांसद भाजपा के हैं, इस लिहाज से पार्टी पर लगे आरोपों को लेकर ब्यौहारी के विधायक सहित मण्डल अध्यक्ष और दर्जनों पदाधिकारी कांग्रेस नेता के खिलाफ शिकायत और सोशल मीडिया की कतरन लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत भी सौंपी।

### पुलिस की सुस्ती ने बनाया अखाड़ा

सवा तीन करोड़ का गांजा पुलिस ने जब्त तो किया, लेकिन यह मामला उसी के लिए सिरदर्द बन गया, जिस प्रभारी ने कार्यवाही की, उस पर निलंबन की गाज गिरी, बताया गया कि इस पर सीधे मुख्यालय से नजर रखी गई है, लेकिन गांजा कहां से आया, किस गाड़ी से आया और गांजे के कारोबार में कौन-कौन स्थानीय लोग शामिल है, गुप्ता बंधुओं के साथ उनके गोलई नामक व्यक्ति जो पहले से इस धंधे से जुड़ा बताया जा रहा है, जैसे कई नाम सामने आ रहे हैं, इसमें धीरू नामक युवक का नाम भी सामने आया है, लेकिन नामों का अधूरा पन तो पुलिस की जांच और प्रेसनोट ही पूरा करेगी। सांसद प्रतिनिधि से लेकर अन्य यह सभी नाम यदि इस धंधे से नहीं जुड़े हैं तो, उन्हें नाहक बदमानी से पुलिस की जांच ही बचा सकती है। चार से पांच दिनों में जांच को लेकर पुलिस का काहिल रवैया क्षेत्र में आपसी विवादों और राजनीति को गलत



# जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक संपन्न

**शहडोल। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत शहडोल के सभागार में संपन्न हुई।**

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत ने जिले में संचालित नल जल योजना के कार्यों, स्कूल भवन निर्माण, स्कूल भवन की मरम्मत, बैगा बस्ती में विद्युतीकरण एवं पहुंच मार्ग सहित अन्य विभिन्न प्रकार की संचालित हो रही योजनाओं के तहत कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समय पर एवं गुणवत्तायुक्त कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे ने जिले में संचालित हो रहे विभिन्न योजना में अंतर्गत कार्यों तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी विभागीय अधिकारी बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। अधिकारी कार्यों को समय सीमा एवं गुणवत्ता पूर्वक संपन्न कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह ने पिछली बैठक के दौरान दिए गए एजेंडा के तहत किए गए कार्यों की जानकारी एवं पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

बैठक में उपाध्य क्ष जिला पंचायत श्रीमती फूलमती सिंह, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, पुष्पेन्द्र पटेल, पुष्पा् नंदू शर्मा, रामवती सिंह ग़ुडडी, रेखा पाव, गूलजार सिंह, राजेश बैगा, शांति चौधरी, हरिलाल कोल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# शहडोल लोकसभा क्षेत्र से संतोष लोहानी ने विशेष प्रतिनिधि के तौर पर की सहभागिता



### सांसदों के साथ महाप्रबंधक की बैठक संपन्न

**शहडोल। लोकसभा क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों और रेलवे से संबंधित समस्याओं, मांगो और कार्यों के बारे में अपनी बात रखी । संतोष लोहानी ने बताया कि सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के अथक प्रयासों से एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर शहडोल रेलवे स्टेशन में रैंप व एक्सलेटर की सुविधा के लिए जो मांग की गई थी, उसे शीघ्र पूर्ण किया जाएगा, ऐसा मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने बताया की प्रस्ताव अप्रूवल के लिए गया है। साथ ही अमृत भारत स्टेशन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है शीघ्र पूर्ण होगा।**

यह बात भी सामने आई कि शहडोल स्टेशन पर उपलब्ध सभी प्लेटफार्म मीडियम लेबल के है, जिस वजह से यात्रियों को चढने उतरने मे काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है, सभी प्लेटफार्म को हाई लेबल का किया जायेगा, संतोष लोहनी ने बताया कि यह कार्य अभी अमृत भारत स्टेशन योजना में नहीं है, इसका अलग से टेंडर लगेगा और फर्श सहित प्लेटफॉर्म का कार्य उसमें होगा। संतोष लोहानी ने यह भी कहा कि शहडोल लोकसभा क्षेत्र की विदुषी सांसद हिमाद्री सिंह अपने लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा चिंतित रहती हैं और यह प्रयास करते रहती हैं कि किस तरह से हम अपने क्षेत्र के लोगों को सभी सुविधाएं आसानी से प्रदान कर सकें। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ 23 मई को आयोजित की गई , तृतीय तल सभागार महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित यह बैठक सौहार्दपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर करने में मिलेगा ।

बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का परिचय, उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों से संबन्धित प्रेजेंटेशन माननीय सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया । इसी क्रम मे मंडल रेल प्रबन्धक राजमल खोईवाल द्वारा प्रेजेंटेशन में बिलासपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य ,आधारभूत संरचना का विकास, गाडिय़ों का क्षमता आवर्धन, दिव्यांग जनों, अमृत भारत स्टेशन योजना, वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट, महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख किया गया । वाई-फाई, स्वच्छता प्रोजेक्ट, रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139, यात्री सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई ।

# नपा के नाम सराफा व्यापारी ने किया फुटपाथ पर कब्जा




### आवाजाही रोकने बोर्ड रखा व बनवा दिया रैम्प

**शहडोल**। नगर में भीड़ भरे स्थानों व सार्वजनिक स्थलों में अतिक्रमण की होड़ लगी हुई है, इस होड़ में नगरपालिका के फुटपाथों नालियों व पार्किंग प्लेस को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। इस कार्य में बड़े व्यापारी व सभ्रांत नागरिक जमकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। न्यू गांधी चौंक और सब्जी मण्डी में तो यह स्थिति है ही पुरानी नगर पालिका परिसर का हाल भी कुछ ऐसा ही है। मंगलम भवन परिसर में संचालित दूकानदारों ने यहां की जमीन और फुटपाथ का अपनी तरह से उपयोग करना प्रारंभ कर दिया है। जिससे जलभराव की समस्या तो उत्पन्न होती ही है गंदगी की समस्या भी बनी रहती है। मंगलम परिसर के एक सराफा व्यापारी ने अपनी दूकान के सामने से अनावश्यक भीड़ कम करने के लिए यहां मंगलम परिसर का एक बोर्ड लगा दिया है और यहां पक्का निर्माण करा दिया है। यहां रैम्प भी बनवा दिया गया है।

### फुटपाथ पर भी निर्माण

सरकारी भूमियों पर किस तरह से कब्जा किया जाता है इसका अच्छा उदाहरण मंगलम परिसर है, जहां ज्वेलरी व्यापारी अपनी साज-सज्जा के लिए नगरपालिका के नाम का सहारा लेकर निर्माण कार्य करा चुका है। उसने अपनी दुकान के नाम की बजाय नगरपालिका का बोर्ड लगा दिया है और रैम्प भी बनवा दिया है। सवाल यह है कि अगर यहां रैम्प की आवश्यकता थी तो भवन निर्माण और सडक़ फुटपाथ के समय यहां रैम्प की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। यह स्थल पूरी तरह सराफा व्यापारी के कब्जे में है। हैरानी की बात है कि यहां समीप ही सीएमओ का निवास है और अन्य नगरपालिका कर्मचारी भी यहां आते जाते रहते हैं, लेकिन इस मामले में न तो कोई हस्तक्षेप कर रहा है और न ही कोई कार्रवाई हो रही है।

### दुकानों के सामने निर्माण

शहर की सघन बस्तियों व भीड़भरे स्थानों में संचालित बड़ी दुकानों व व्यावसायिक परिसरों द्वारा भी सडक़ों पर तथा फुटपाथ पर कब्जा कर कहीं सीढिय़ां तो कहीं वाहन पार्किंग की जगह बना दी गई है। जिससे फुटपाथ का महत्व तो खतम हो गया और दूकानदार के निजी उपयोग में चला गया। लोग आना जाना उस जगह से नहीं कर सकते। इसके अलावा खुद भी दूकानदार उसी फुटपाथ पर अपने दुकान का आधा सामान रखकर व्यावसायिक लाभ उठा रहे हैं। पूरे शहर में देखा जा सकता है कि फुटपाथों पर शोकेस बने हुए हैं, दुकान के सामानों की नुमाइश लगाई गई है। कोई आदमी कैसे इस फुटपाथ से आना जाना कर सकता है? आम आदमी के निस्तार के लिए बना फुटपाथ दुकानदारों की बपौती बन कर रह गया है। न्यू गांधी चौक में भी यही स्थिति है। यहां पुलिस भी खड़ी रहती है, लेकिन दूकानदारों के वाहन, दूकानदारों के शोकेस उन्हे दिखाई नहीं पड़ते।

### नालियों पर बगिया लगा ली

संभ्रांत कालोनियों का भी हाल बे हाल है। पढ़े लिखे लोग भी कब्जेदारी की प्रथा से अछूते नहीं रह गए हैं। बड़े बंगले के असामियों ने नगरपालिका की नालियों के ऊपर कब्जा करके वहां पर बढिय़ा जालियों से घेरेबंदी कर वहां वाटिका विकसित कर लिया है। अब सवाल यह है कि वहां नालियों की सफाई कैसे की जा सकती है। यह स्थिति अधिकांश स्थानों में है, कई लोगों ने नालियों में रैम्प बना कर वाहनों के निकालने की जगह बना ली है। नालियों व फुटपाथों का उपयोग लोग अपने अपने ढंग से करने लगे हैं। नालियों की सफाई नहीं होने से बस्तियों में सड़ांध और गंदगी की स्थिति बनी रहती है, लेकिन लोगों के निर्माण कार्यों की वजह से सफाई नहीं हो पा रही है।



### जांच पड़ताल नहीं हो रही

शहर भर के फुटपाथों पर जब लोगों ने कब्जा करना शुरू कर दिया है तो, फिर प्रशासन और नगरपालिका की जिम्मेदारी बनती है कि वह मौका मुआयना कर लोगों को नोटिस दे और ऐसे निर्माण कार्यों को तोडक़र लोगों को हिदायत दे कि शासकीय निर्माणों का स्वरूप बदलने की हिमाकत करना उचित नहीं है। लेकिन नगरपालिका और प्रशासन दोनो ही चुप्पी साधे बैठे हैं इसलिए लोगों ने हर जगह अपनी स्वार्थपूर्ति का जरिया बना रखा है। जबकि इस कृत्य से कई जगह अन्य लोगों को असुविधाएं भी हो रहीं हैं। लेकिन शहर में यह सब देखने और उस पर कार्रवाई करने की फुर्सत किसी को भी नहीं है।

### पुरानी बस्ती में किया जा रहा भागवत कथा का आयोजन

**शहडोल**। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नगर के पुरानी बस्ती में बड़े ही धूमधाम के साथ भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है,भागवत कथा के आयोजन में सैकड़ो की तादाद पर श्रद्धालु भागवत कथा में सम्मिलित हो रहे हैं, भागवत कथा का आयोजन डॉ कृष्ण कुमार मिश्रा के निज निवास पर किया जा रहा है, जहां कथा व्यास डॉ अंजनी प्रसाद पांडे पूर्व प्राचार्य शासकीय अभयानंद संस्कृत महाविद्यालय कल्याणपुर के मुखारविंद से किया जा रहा है, बता दे की मुख्य यजमान के रूप में डॉ कृष्ण कुमार एवं श्रीमती कुसुम मिश्रा यजमान सत्य मिश्रा मनोज मिश्रा है, इस संगीतमय भागवत कथा के आयोजन में श्रद्धालु बड़े ही उत्साह के साथ कथा में सम्मिलित हो रहे हैं,संगीतमय भागवत कथा में प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक मूल पाठ एवं सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक कथा का आयोजन किया जाता है।



## खबर संक्षेप

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित होगा कार्यक्रम

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई को करकेली विकासखंड के करकेली, बरही तथा उंचेहरा में कार्यक्रम आयोजित होगा । उन्होने बताया कि प्रातः 10 बजे से करकेली में, दोपहर 1 बजे से बरही में तथा सायं 4 बजे उंचेहरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया है । कार्यक्रम के लिए आर आर सिंह वैज्ञानिक, कमला मिंज, मस्त राम मरावी उद्यान, आशीष नायक मत्स्य, राजीव वासम पशुपालन विभाग, मेघा पाटिल कृषि अभियांत्रिकीय तथा पुरूषोत्तम नंदा ए व्ही एफ ओ की ड्युटी लगाई गई है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हुई निगमायुक्त की सराहना

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन 181 में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कटनी नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन द्वारा कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे को पत्र प्रेषित कर कार्य कि सराहना की है। प्रेषित किए गए पत्र में आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन द्वारा उल्लेख किया है कि सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में निगमायुक्त द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निराकरण कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम कटनी, जिला कटनी द्वारा नगर निगमों की श्रेणी अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह अप्रैल 2025 में 93.96 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर A-ग्रेड के साथ प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन द्वारा विभाग की ओर से निगम आयुक्त दुबे एवं नगर निगम कटनी में सी.एम. हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए प्रशंसा की है, एवं भविष्य में भी इसी निष्ठा व समर्पण से कार्य कर अपने निकाय को उत्कृष्ट स्थान पर रखने की आशा की है।

### किश्त जमा नहीं करने पर आवंटित भवन किया गया निरस्त

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी घटक द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी के हितग्राही श्रीमती रेनू निषाद को आंबटित भवन कमांक बी-16/202 निरस्त किया जाकर उक्त आवंटित भवन को ताला बंदी की कार्यवाही करते हुये निगम के अधीन किए जाने के संबंध में आदेश जारी किया है। विदित हो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी घटक द्वितीय चरण की हितग्राही श्रीमती रेनू निषाद द्वारा योजनांतर्गत हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने हेतु आवास फायनेंस लिमिटेड वरगंवा रोड, कटनी के माध्यम से योजना के त्रि-पंक्षीय अनुबंध के आधार पर राशि रू. 1.80 लाख का बैंक लोन प्रदान किया गया था। तत्पश्चात भवन कमांक बी-16/202 आंवटित किया गया था, इनके द्वारा उक्त बैंक लोन की किश्त जमा नहीं की गई जा रही हैं। जिसके संबंध में हितग्राही को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से सूचित किया गया था साथ ही दैनिक समाचार पत्रो के माध्यम से भी सूचित किया गया हैं,किन्तु हितग्राही के द्वारा इस संबंध में कोई भी जबाब प्रस्तुत नही किया गया है. अतः योजना के त्रि-पंक्षीय अनुबंध के आधार पर आयुक्त दुबे ने हितग्राही के आंबटित भवन निरस्त कर संबंध में आदेश जारी किया है।

### 3 नाबालिगों को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** बाकल पुलिस ने तीन नाबालिक बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उन्हें उनके परिवार जनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने जानकारी देते हुए कहा की थाना क्षेत्र से गत 16 जनवरी 2025 को ग्राम सिहुडी से 3 नाबालिग बालिकाओ को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाकल पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्परता से जांच शुरू की और विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।

# कोयला खदान की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई संपन्न






**उमरिया ।** जिले के आदिवासी बाहुल्य पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम औढ़ेरा के पंचायत भवन प्रांगण में शनिवार को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति मारवा टोला सात कोयला खदान की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का आयोजन अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम,प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया । इस दौरान मारवा टोला सात की आधिकारिक रामा सीमेंट इंड्रस्टीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोयला खदान की स्थापना को लेकर बेसिक जानकारी प्रदान की,जिसमे बताया गया कि मारवा टोला सात कोयला खदान में ओपन कास्ट एवं भूमिगत कोयले का उत्खनन किया जाएगा,जिसकी उत्पादन क्षमता 1.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष जिसमे ओपनकास्ट द्वारा 1.5 मिलियन टन एवं भूमिगत द्वारा 0.7 मिलियन टन प्रतिवर्ष का है। मारवा टोला कोयला खदान में चार गांव आमगार, ओढ़ेरा, रौघड़,एवं मालाचुआ,प्रभावित ग्राम हैं,1200 हेक्टेयर क्षेत्रफल में भूमिगत एवं ओपेनकास्ट के माध्यम से कोयले का उत्खनन किया जाएगा। लोक सुनवाई के दौरान चारों गांवों से आए ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हेमनाथ बैगा,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाली अवधेश प्रताप सिंह,ग्राम रौघड़ निवासी दीपा सिंह, मानवेंद्र सिंह, रजनी सिंह, अकरम,प्रतीक सिंह गहरवार रविकांत द्विवेदी मनोज मिश्रा एवं ग्राम पंचायत औढ़ेरा के पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम सिंह ने अपने विचार रखे।लोक जनसुनवाई में जनप्रतिनिधियों व्दारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के बारे में कंपनी के महाप्रबंधक अजीत सिंह सोडा ने कंपनी और भारत सरकार के नियमों के तहत पूरा करने का भरोसा दिया गया। लोक सुनवाई दौरान ग्रामीणों की ओर से कंपनी से चारों गांवों के प्रभावितों के लिए स्थानीय को रोजगार,ग्रामों के विकास चिकित्सा शिक्षा की व्यवस्था,प्रभावित जंगल और पर्यावरण की स्थानीय स्तर पर ही पुनरुथापना,अकुशल श्रमिकों के लिए कौशल उन्नयन कर रोजगार प्रदान करने इसके अलावा प्रभावितों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

## शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने समस्या को लेकर प्रदर्शन कर एसडीम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 कदमटोला में नाली निर्माण, सड़क निर्माण, धार्मिक पंडाल निर्माण के लिए वन विभाग के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा जिससे वार्ड का विकास प्रभावित हो रहा है। कॉलरी प्रबंधन के द्वारा रोड और नाली नहीं बनवाया जाना जिससे आदिवासी समुदाय उपेक्षित हो रहा है। कदम टोला में आंगनबाड़ी भवन,



सामुदायिक भवन, धार्मिक पंडाल बनाए जाने की मांग। नपा कर्मचारी सुनीता पांडे के द्वारा कदम टोला निवासी ममता बैगा से नल कनेक्शन के लिये दो हजार रुपए लेने के बाद भी कनेक्शन रजिस्टर न करते हुए पैसे का दुरुपयोग कर लिया गया। जिसके विरुद्ध कार्यवाही की जाये। मांगो को लेकर शिव सैनिकों व नागरिकों द्वारा कोतमा भालूमाड़ा मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया गया। मौके पर एसडीएम अजीत तिर्की, थाना प्रभारी, हाइवे यातायात प्रभारी, नपा अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे। एसडीएम अजीत तिर्की के द्वारा ज्ञापन में मांगी गई मांगों पर एक माह में निराकरण करने की बात कही गई है। प्रदर्शन के दौरान राजेश महाराणा, शिव प्रसाद चक्रवर्ती, राकेश प्रजापति, देवशरण सिंह, दीपक पटेल, लालमन पनिका, रवि गुप्ता, रवेंद्र गुप्ता, रवि केवट, अमित झरिया, पवन झरिया, दीपक पंडित, राकेश, केवट, संजय गुप्ता, अजय लकड़ा, सागर केवट, कपिल केवट, सोहेल कुरैशी, वसीम, निजाम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे पूरे उत्साह से खेलों में ले रहे भाग

**उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना निकाल रहे हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद सीखने मिल रहा है। खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है और खुशी-खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहे हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भरपूर उपयोग कर खुद को तराशने में जुटे हैं। सुबह से खेल मैदान पहुंचकर प्रशिक्षकों की मौजूदगी में कई खेल सीख रहे हैं, जिससे बच्चों के अंदर खेल का हुनर पैदा हो रहा है। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली माँ बिरासिनी खेल मैदान में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के निर्देशन व नगर पालिका परिषद मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह, पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा 1 मई से ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 5 जून तक चलेगा। कैम्प में बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण कोच द्वारा दिया जा रहा है। शिविर को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में बच्चे हर दिन सुबह यहां खेलों का प्रशिक्षण लेने आते हैं। जिला प्रशासन व युवा टीम द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए पूर्णतः निशुल्क है। कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलकूद व विभिन्न विधाओं को संचालित करने के पश्चात समापन के दौरान सभी बच्चों को प्रतिदिन फल व पौष्टिक




आहार प्रदान किया जाता है। उन्होंने ने बताया कि बच्चे अक्सर अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताने लगते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में समर कैंप एक बेहतरीन विकल्प है, जहाँ बच्चे ना सिर्फ मोबाइल से दूर अपना ज्यादातर समय खेल, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियां करते हुए बिताते हैं बल्कि अब समर कैंप में बच्चों को अच्छा व्यवहार करने से लेकर गुड टच और बैड टच में अंतर करना भी सीख रहे हैं। इस दौरान कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, संजीवनी पटेल, रुद्र प्रधान, ऋषभ रजक, आरुष शिवहरे, अतिव्य रजक, शुभम पटेल अर्पिता बर्मन ,आस्था सिंह परिहार, नेहा सिंह ,पलक सिंह, स्नेहा सिंह, मानवी चावले, सत्यम सेन, निरंजन कुशवाहा, सुभद्रा बैगा,शिव बैगा,सारांश बैगा,कृषा देवी बैगा, शिवान्या बैगा,श्रेयांश गौतम,व सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# बिजुरी पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले के विरुद्ध की कार्यवाही

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैद्य गतिविधियों एवं अवैध कारोबार करने वालो पर कडी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के कुशल मार्गदर्शन मे थाना बिजुरी पुलिस द्वारा 22.05.25 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना प्राप्त पर रेड कार्यवाही कर 66 लीटर अवैध शराब और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल कुल कीमती करीब 90 हज़ार रुपए की जप्ती की। घटना विवरण इस प्रकार है कि बिजुरी पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने टीव्हीएस राईडर मोटर साइकल क्र एमपी 65 जेडबी 4159 के पीछे बोरे मे अवैद्य शराब को कोतमा से बिजुरी की तरफ बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा है सूचना पर बिजुरी पुलिस द्वारा एनएच 43 ढावे मे पास बैहाटोला मे रेड की कार्यवाही कर आरोपी दुर्गेश जायसवाल पिता चिन्ता जायसवाल उम्र 19 वर्ष निवासी रेउसा थाना कोतमा को रुकवाकर चेक किया जिसके पास से एक बोरी मे बीयर एवं व्लू चीफ अंग्रेजी शराब कुल 66 लीटर अवैद्य शराब बरामद हुई जिसके परिवहन का लाइसेंस आरोपी के पास नहीं पाया गया जो आबकारी एक्ट के तहत अपराध है। अत



ःउक्त मदिरा और टीव्हीएस राईडर मोटर साइकल क्र एमपी 65 जेडबी 4159 कुल मशरुका 83.520 रुपये का विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अप. क्र 157/25 धारा 34 (2) आब एक्ट का पंजीबद्ध किया गया तथा पूछताछ की गयी जिसमे आरोपी द्वारा शराब के मुख्य व्यापारी रामचरित्र जायसवाल पिता रामचरण जायसवाल उम्र 30 वर्ष निवासी रेउसा के बारे मे बताया जो उक्त अपराध का सह आरोपी होने से दोनो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह उनि मानिम टोप्पों प्र.आर. बसंत कोल आर. विश्वजीत मिश्रा, करमजीत सिंह सुनील यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## वूमन फॉर ट्री अभियान : समूहों की महिलाओं एवं अधिकारियों ने किया सुरम्य पार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन करने सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वूमन फॉर ट्री अभियान का संचालन 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक किया जाना है। अभियान के प्रथम चरण में 23 मई तक वृक्षारोपण हेतु उचित स्थलों का निरीक्षण किया जाकर पोर्टल में प्रविष्टि कराई जानी है।

नगर पालिक निगम द्वारा अमृत 2.0 अभियान के तहत अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री अभियान अंतर्गत स्व सहायता समूहों की महिलाओं, पीडीएमसी



की टीम द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ कटाये घाट स्थित सुरम्य पार्क एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया जाकर पोर्टल में प्रविष्टि की गई। अभियान अंतर्गत नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएम के संचालित विभिन्न स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं एवं पी.डी.एम.सी की टीम द्वारा विगत दिवस एन यू एल एम योजना प्रभारी यश खरे के साथ सुरक्षित स्थल पर वृक्षारोपण किए जाने हेतु वृक्षारोपण के संबंध में आगे की भूमिका तैयार की गई।

इस दौरान योजना प्रभारी यश खरे द्वारा स्व. सहायता समूहों की महिलाओं को वूमेन फॉर ट्री अभियान की विस्तार से जानकारी दी जाकर अभियान अंतर्गत चयनित महिलाओं को नगर के अन्य सुरक्षित स्थलों पर भी वृक्षारोपण किए जाने हेतु प्रेरित किया गया।

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 30 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत की सहकारिता उद्योग समिति की बैठक शुक्रवार 30 मई को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान खरीफ उपार्जन 2024-25, रबी उपार्जन 2025-26, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, रासायनिक उर्वरक तथा बीज के भंडारण एवं वितरण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जायेगी। सहकारिता उद्योग समिति के सचिव ने कविता पंकज राय सभापति ग्राम मौजा सिलौड़ी, मोहनी देवी पांडेय सदस्य ग्राम पहाड़ी पो. निवार, प्रेमलाल केवट सदस्य ग्राम खजुरा पो. गुड़ेहा, प्रिया सिंह सदस्य ग्राम भनपुराकलां भटगवॉ, प्रदीप त्रिपाठी सदस्य ग्राम स्लीमनाबाद ब्रम्हाणपुरा, पंकज राय मनोनीत सदस्य ग्राम मौजा सिलौड़ी को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

# छात्र छात्राओं को ड्रेगन फ्रूट की खेती का भ्रमण करा दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकास खण्ड बहोरीबंद में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं तथा प्रस्फुटन समितियों ने ग्राम पंचायत बिचुआ के ग्राम छितरवारा स्थित रुपा सिंह के भोपाल फार्म हाउस में ड्रैगन फ्रूट की खेती का क्षेत्रीय भ्रमण किया।

### दी व्यवहारिक जानकारी

यह भ्रमण जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल एवं ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को नवीन कृषि पद्धतियों, व्यावहारिक जानकारी एवं अनुभव से परिचित कराना था।



इस अवसर पर डॉ. तेज सिंह केशवाल ने कहा कि क्षेत्रीय भ्रमण छात्रों को जमीनी हकीकत समझाने का सर्वोत्तम माध्यम है, जिससे उन्हें नवाचार, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा मिलती है। ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह एवं परामर्शदाता विनोद सिंह द्वारा ड्रैगन फ्रूट की खेती की विधि, लाभ एवं बाजार संभावनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से फल आना प्रारंभ होता है और यह फल डायबिटीज नियंत्रण इम्यूनिटी बढ़ाने पाचन में सुधार तथा हृदय स्वास्थ्यके लिए अत्यंत लाभकारी है। साथ ही इसकी खेती एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में उभर रही है, जिससे लाखों रुपये की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। भ्रमण उपरांत प्रतिभागियों के लिए वनभोज का आयोजन किया गया, जिसमें परामर्शदाता विनोद सिंह नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी सरजू श्रीवास समाजसेवी कोदू लाल हल्दकार मंगल कोल लवकुश पटेल का विशेष सहयोग रहा।

इस क्षेत्रीय भ्रमण में अमोच सरपंच नरेश दाहयत, मृत्युंजय सिंह, बसंत जायसवाल, दिनेश झारिया, अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य नरेश दहायत, आशीष कुमार प्यासी, लवकुश पटेल, संजू जायसवाल, नरेश कुमार एवं छात्रों में राकेश दहायत, दुर्गेश यादव, प्रीति यादव, श्रद्धा, नंदिता, खुशी पाठक, बबीता, महक, पुजा लोधी, वृषा, शिखा, रेशू सेन, प्रियंका, राहुल दाहयत, अंकुश जायसवाल सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### परचम कुशाई से उर्स मुबारक का आगाज

**कटनी।** हजरत सैयद बाबा रहमतुल्ला अलैह की मजार शरीफ नगर निगम के पास कटनी में सालाना उर्स मुबारक आज 24 मई को परचम कुशाई शाम 5 बजे 25 मई को सुबह 9 बजे गुस्ल शरीफ, रात 9 बजे मिलाद शरीफ 26 मई शाम 6 बजे अल्फर्टगंज स्थित निवास मरहूम मो. हुसैन सौदागर से चादर शरीफ का जुलूस नगर भ्रमण के उपरांत दरगाह शरीफ में चादर पेश की जायेगी। 26 मई रात 9 बजे से कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा, उर्स की तैयारी व जिम्मेदारी के संबंध में एक आवश्यक बैठक जनाब हाजी मोहम्मद शफीक कुरैशी साहब की सदारत हुई।

### मेंटेनेंस के कारण बंद रहेंगे समग्र एवं अन्य पोर्टल

**कटनी।** मप्र राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित समग्र पोर्टल सोमवार 26 मई को प्रातः 8 बजे तक मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगा। समग्र पोर्टल एवं समस्त सम्बंधित पोर्टल (समग्र, एसपीआर, बीपील, वेब सर्विस एपीआई) बंद रहेंगे। इस कारण एम.पी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर समग्र आधारित सेवाओं का पंजीकरण भी प्रभावित रहेगा।

### हाई एवं हासे स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑन लाईन आवेदन किये जा सकेंगे।

### भागवत कथा में पहुंच महापौर ने लिया आशीर्वाद



**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगर के दीनदयाल वार्ड स्थित दुर्गा चौक खिरहनी में दुबे परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ पर पहुंचकर संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया और नगर वासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी नें अन्य श्रद्धालुओं के बीच बैठकर आयोजित हो रहे भजन कीर्तन में भी प्रतिभाग किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी सुभाष शिब्बू साहू, सुरेन्द्र गुप्ता,पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव विजय डब्बू रजक, सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही। श्रीमद भागवत कथा श्रवण के उपरांत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और धार्मिक भावना को बढ़ावा मिलता है, इसलिए समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

### दो पक्ष आपस में भिड़े

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के छैघरा मेन रोड पर दो शराब व्यवसायियों के कर्मचारियों का आपस में विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार यह विवाद सीमा को लेकर हुआ। दोनों ही व्यवसायियों के कर्मचारी बीती रात करीब साढ़े 12 बजे एक दूसरे की सीमा क्षेत्र में घुसने को लेकर भिड़ गए। मामला इतना बढ़ा कि पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए रात में करीब तीन बजे दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार यह विवाद सीमा की तकवारी के दौरान शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष में कमलकांत मिश्रा 36 निवासी विजयराघवगढ़ की शिकायत पर गोविंद निषाद, राकेश निषाद, राहुल निषाद, छंगा निषाद सभी निवासी कटनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष में आकाश कोल 19 निवासी नयागांव पुरैनी की शिकायत पर कमलकांत मिश्रा, विजयकुमार राय, महेंद्र अग्रवाल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।




**बिना सुविधा और गाइडलाइन के चल रहे स्कूल, अब रद्द हो रही मान्यता**

# शिक्षा का मंदिर बना दुकान

**धनपुरी शहडोलः**

धनपुरी कोयलांचल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। कई ऐसे निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं जहाँ न खेल मैदान है, न प्रयोगशाला, न लायब्रेरी और न ही शौचालय, न शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं। शिक्षा के लिए आवश्यक अलग-अलग कमरे भी नहीं हैं। कुछ स्कूल तो इमारतों की छत पर सेकंड फ्लोर में चल रहे हैं।इन स्कूलों को आखिर कैसे मान्यता मिल गई? यह एक बड़ा सवाल है। ये स्कूल शिक्षा विभाग की किसी भी गाइडलाइन का पालन नहीं करते। अधिकारी कोयलांचल क्षेत्र का दौरा कर भी लें, तो भी गाइडलाइन पालन न करने वाले स्कूलों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। गाइडलाइन का डर इन स्कूलों को बिल्कुल नहीं है, जैसे शिक्षा का मंदिर नहीं, दुकान खोली गई हो।अब सख्ती में आया शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा केंद्र ने 2025-26 से मान्यता को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। तय मापदंडों की पूर्ति नहीं करने वाले निजी स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी गई है। जिन स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है।क्या है इनका गाइडलाइन धनपुरी के माईकल चौक, इमामबाड़ा, जंगल चौकी, धनपुरी नंबर 4, राजीव मार्केट, बड़ी मस्जिद, द्वारका मंदिर, छोटी तलैया और विलियस नंबर 1 जैसे क्षेत्रों में अनेक प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का यहाँ खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।यदि इन स्कूलों का राजस्व अभिलेखों की भी जांच की जाए, तो कई खामियाँ सामने आ सकती हैं। यह भी एक बड़ा सवाल है कि जब मूलभूत मापदंड पूरे नहीं हो रहे, तो इन स्कूलों को पहले मान्यता कैसे मिल गई?शिक्षा विभाग करेगा बड़ा निरीक्षणसूत्रों के अनुसार, शिक्षा विभाग आने वाले दिनों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाने जा रहा है। गाइडलाइन के उल्लंघन पर सीधे मान्यता रद्द की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सरकार अब किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहती।

**शहर में सुगम यातायात के लिए बैठकों में चर्चाएं तक ही सिमटी योजनाएं**

# जाम से हलाकान आमः सेंट्रल पार्किंग खत्म करने की योजना अमल हुआ न ई रिक्शा से रूट हुए तय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



शहर की अराजक ट्रेफिक की समस्या के समाधान में जितने उपाय खोजे जा रहे है, बीच बीच में नित नये प्रयोग भी किये जा रहे है बावजूद इसके आज तक न तो प्रशासन प्रयासों में सफल होता दिख रहा है न ही यातायात पुलिस बिगड़ैल ट्रेफिक की सूरत संवारने में कामयाब हो सकी। बल्कि सुधार के जितने प्रयास किये जा रहे है हालात और बिगड़ते जा रहे है।

दरअसल शहर में वाहनों की बढ़ती तादाद के आगे मुख्य बाजार की जगह भी कम पड़ने लगी है। रिकार्ड में 80 फीट चौड़े मेन रोड में कोई चार पहिया वाहन स्टेशन से मिशन चौक बिना रूके पहुंच जाये ऐसा मुमकिन नही है। जबकि दोपहिया वाहनों के लिये कमानिया गेट गली, सिल्लवर टाकीज गली, घंटाघर से सराफा बाजार, गांधी द्वार, गोलबाजार, जयदयाल रोड आदि इन सड़को पर वाहन चालन सिरदर्दी से कम नही है।

पूर्व में हुई अधिकारियों की बैठक में सेट्रल पार्किंग को खत्म करने की योजना भी बनाई गई लेकिन आज तक इसमें भी कोई कार्य नहीं हुआ। सेंटर में लाखों रूपए खर्च कर डिवाइडर लगाए गए लेकिन अब वे भी धीरे धीरे गायब हो गए।

### जाम से जूझ रहे लोग

शहर में आबादी बढ़ती जा रही है। रोजाना नये वाहन सड़को पर उतर रहे है। वाहनों की संख्या लगातार बढ़ने और सड़को की चौड़ाई व वाहन खड़े होने पुख्ता इंतजाम न होने से शहरवासी खासे परेशान है। आलम यह है कि शहर की सड़के ही पार्किग स्थल में तब्दील हो गई है। मुख्य मार्र्गो में दुकानों के बाहर वाहनो का जमावड़ा लगा रहता है तो खरीददारी के लिये पहुंच रहे लोगो को जाम से जूझना पड़ रहा है। निर्धारित पार्किग स्थल न होने व सुरक्षा के इंतजाम न होने से वाहन चोरी होने का भी डर बना रहता है। मजबूरीवश लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा कर रहे है।

शहर में ई रिक्शा की धमाचौकड़ी को कम करने के लिए रूट सिस्टम बनाया गया लेकिन आज तक उसका अमल नहीं किया गया। ई रिक्शा के लिए ऐसे बनाए गए थे रूट।

**रूट क्रमांक-1** - हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

**रूट क्रमांक-2** - लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

**रूट क्रमांक-3-** आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

**रूट क्रमांक-4-** नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

**रूट क्रमांक-5-** सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

**रूट क्रमांक-6-** पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे।

**वॉलिंटियर्स को दिया गया सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण**

# आपातकालीन परिस्थितियों से बचाव एवं मदद करने की दी महत्वपूर्ण जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को युद्ध एवं आपदा, आपात की स्थिति से निपटने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में एवं अति पुअधी. संतोष डहरिया, एसडीओपी प्रभात शुक्ला एवं एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स का 23 मई को प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

थाना प्रभारी स्लीमनाबाद निरीक्षक अखलेश दहिया एवं एसडीईआरएफ होमगार्ड पीसी श्वेता गुप्ता व उनकी टीम एवं डॉक्टर शिवम दुबे शासकीय अस्पताल स्लीमनाबाद के द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव व क्षेत्र से आए सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को युद्ध, आपदा व आपातकालीन स्थिति से निपटने के संबंध में संचार सहायता, मोबाइल या अन्य माध्यम से सूचना का आदान-प्रदान करना, आग बुझाने में सहायता- छोटे स्तर की आग बुझाने में फायर ब्रिगेड की सहायता करना, मनोसामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक सहायता, पीड़ित को मानसिक तनाव एवं भावनात्मक समर्थन देना, ध्वस्त ढांचा पहचान की कार्रवाई, पीड़ित व्यक्तियों की मदद हेतु टीम गठन, प्राथमिक सहायता, घायल लोगों को प्राथमिक चिकित्सा देना एवं विभिन्न प्रकार से स्ट्रेचर बनाना व अस्पताल तक पहुंचाने मे मदद करना, भीड़ नियंत्रण, राहत कार्यों में अवरोध बन रही भीड़ को नियंत्रित करना एवं घबराहट और अपवाह फैलने से रोकना, लोगों का बचाव, मलबे में फंसे लोगों को निकालना एवं आग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकलने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान तहसीलदार स्लीमनाबाद सरिता रावत, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं वॉलिंटियर्स, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दहिया, उनि संतोष बड़गैया, सउनि केशव दुबे, प्र. आर युसूफ, आर. मनीष, रोहित आदि उपस्थित रहे।

**श्रमदान कर तालाब के गहरीकरण एवं मेड़बंधान कार्य**



मानव जीवन विकास समिति द्वारा ग्रामीणों की भागीदारी से ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम दैगवां में निर्मित तालाब का गहरीकरण एवं मेढ़बंधान कार्य किया जा रहा है। मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि पूर्व में निर्मित यह तालाब बारिश के समय जल भराव की अधिकता के कारण टूट गया था। इसे पुनर्जीवित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों की मदद से तालाब गहरीकरण एवं मेढ़बंधान कार्य किया जा रहा है। तालाब के मेंढ की उचांई 52 फिट, लम्बाई 350 फिट तथा चौड़ाई 60 फिट है। इस तालाब में जंगल की तरफ से आने वाले दो नाले का मिलन होता है, जिसके कारण इस तालाब में बहुतायत मात्रा में पानी रुकेगा। जिससे किसानों को खेत में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता होगी।

# तिलक महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी क्रिस्प कोर्स पर कार्यशाला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



शासकीय तिलक महाविद्यालय में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें इस वर्ष पारंपरिक कोर्स के साथ-साथ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 10 रोजगारोन्मुखी कोर्स भी प्रारंभ किए गए हैं। जिसका उद्देश्य न केवल शैक्षिक डिग्री प्रदान करना है। बल्कि छात्र -छात्राओं को रोजगार मूलक कोर्स के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना है। इन कोर्सेस में से दो कोर्स बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन तथा बीएससी इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट स्थानीय शासकीय तिलक महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए हैं। इन कोर्सेस में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्राएं पारंपरिक कोर्स की तरह प्रवेश पोर्टल पर संबंधित कोर्स का चयन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इन कोर्सेस की विशेषता यह है कि प्रारंभिक दो वर्षों में थ्योरिकल कक्षाएं होगी। जबकि अंतिम वर्ष में 6 से 12 माह में 8 हजार रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी विद्यार्थी को प्रदान किया जाएगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को बताया की एईडीपी के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में अप्रेंटिसशिप संचालन के लिए भारत सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेंनिंग स्कीम के अंतर्गत बोट (बोड्र्स ऑफ अप्रेंटिसशिप एण्ड ट्रेनिंग) को अधिकृत किया गया है। कार्यशाला में विनय बाजपेई, डॉक्टर आर पी सिंह, डॉक्टर अंकित खंडेलवाल, डॉ. अनिल तौहेल, योगेंद्र सोनी, सहित छात्राओं की उपस्थिति रही।

**श्रमदान से की गई सोखता गड्डे की सफाई, किया प्रेरित**

# मझगवां में चौपाल और रैली के माध्यम से दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 1 मझगवां फाटक में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता अमित तिवारी तथा नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा के सहयोग से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं ने जागरूकता अभियान चलाकर ग्राम की आंगनवाड़ी में महिलाओं के साथ चौपाल एवं रैली के माध्यम से जन भागीदारी द्वारा जल संरक्षण एवं प्राकृतिक स्त्रोतों के गहरीकरण और साफ-सफाई करने का संदेश दिया। इससे प्रेरित होकर ग्राम की महिलाओं ने स्थानीय आंगनबाड़ी के समीप बने सोख्ता गड्ढे की गंदगी की श्रमदान से साफ-सफाई एवं उसका गहरीकरण में सहभागिता की।

विदित हो कि जन अभियान परिषद द्वारा नियमित रूप से गांव-गांव में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं के सहयोग से रैली, दीवार लेखन, चौपाल और संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप अभियान से जुड़कर ग्रामवासियों द्वारा जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढों का निर्माण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और गहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

जागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती तिवारी, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी मनीष पांडेय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरदुआ के अध्यक्ष अनिल गौतम, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता अमित तिवारी, रामानुज पांडेय, विनीत सोंधिया, छात्रा नेहा तिवारी, पानबाई चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

**प्रातः एवं रात्रि कालीन सफाई के माध्यम से नगर को स्वच्छ रखनें के प्रयास**

# गंदगी फैलाने वाले 6 व्यवसायियों पर लगा 1500 रुपए का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**





स्वच्छ भारत अभियान एवं नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के मद्देनजर डस्टबीन का उपयोग न कर नगर के सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों सहित अन्य स्थलों में कचरा फैलाने या स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर गंदगी करने वालों पर स्थल पर ही जुर्माने की कार्यवाही निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है।

अभियान के तहत उक्त कार्यवाही शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट का निष्पादन कर पर्यावरणीय सुधार और व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम द्वारा संचालित अभियान के तहत नगर स्थित वार्ड के सार्वजनिक स्थल एवं सड़कों में सब्जी व्यवसाय करने वाले 5 दुकानदारों द्वारा सफाई नियमों का उल्लंघन कर गंदगी फैलाने पर 1 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। इसके अतिरिक्त एक डेयरी संचालक द्वारा घरेलू पालतू जानवरों का कचरा, खुले में मल-मूत्र, विष्ठा कराने पर संचालक के ऊपर 500 रुपए के स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई।

### मुख्य मार्गो की कराई सफाई

नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था प्रदान करनें के उद्धेश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो एवं स्थलों की सफाई का कार्य दो पालियों में कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि स्थानीय नागरिकों एवं अन्य शहरों से आने वाले यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गुरूवार रात्रि बस स्टेंड में विशेष रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया जाकर बसस्टेंड परिसर रैन बसेरा, सहित अन्य क्षेत्रीय स्थलों की स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। वहीं कुठला मुख्य मार्ग में रोड स्वीपिंग मशीन चलाई जाकर सफाई कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य मार्गो सुभाष चौक मुख्य मार्ग, गजानन कांप्लेक्स गांधी द्वारा से मिशन चौक, घंटाघर रोड आदि में सफाई कार्य कराया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।

वहीं प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के समस्त वार्डो की मुख्य एवं अन्य मार्गो, डिवाईडर, बाजार क्षेत्रों की दैनिक सफाई कार्य सहित नाले नालियों की सफाई, डोर टू डोर कचरे का संग्रहण आदि का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जलभराव की समस्या के निदान हेतु जे.सी.बी मशीन के माध्यम से दुर्गा चौक स्थित बडे नाले, माधवनगर उपकार्यालय के बाजू स्थित बडे नाले, वार्ड क्रमांक 23 स्थित ओव्हर ब्रिज के पास, वार्ड क्रमांक 15 स्थित पार्षद निवास के आगे सहित अन्य स्थलों के नालों की सफाई का कार्य कराया गया। इसके साथ ही स्वच्छता दूतों के माध्यम से वार्ड क्रमांक 23 स्थित वर्मा गली, नई बस्ती, साधूराम स्कूल के सामने सफाई कराई।

# चेकिंग दौरान पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को रोका गया। गाड़ी में आगे पीछे नंबर प्लेट न होने से गाड़ी चालक से नंबर प्लेट व गाड़ी के कागजात के संबंध में सख्ती से पूछताछ की गई। बिना नंबर की बाइक चलते हुए पकड़े गए युवक ने पूछताछ में बताया कि यह मोटरसाइकिल दिसंबर माह में खरखरी मेले से उसने चोरी की थी। चेचिस नंबर के जरिए सर्च करने पर गाड़ी खरखरी मेले से चोरी गई मोटरसाइकिल पाई गई। आरोपी का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सौरभ अर्खेल पिता दारा अर्खेल उम्र 20 वर्ष निवासी गौरैया बाबा मंदिर के पास झिंझरी चौकी बिलहरी थाना माधव नगर से जब्त की गई। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकार्ड भी है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी एनकेजे अनिल यादव, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, सउनि दामोदर राव, प्रधान आरक्षक रमाकांत तिवारी, संतोष प्रजापति, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, आरक्षक संदीप भलावी की सराहनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## मोहम्मद वाजिद के खिलाफ पशु तस्करी एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** थाना अंतर्गत एक दशक से क्षेत्र में पशु तस्करी का पर्याय बन चुके मोहम्मद वाजिद 30 वर्ष पिता मोहम्मद अखलाक के ठीहे से हाल में ही लोड पिस्टल एवं मवेशी तस्करी करते पाए जाने पर पशु तस्करी एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। शातिर अपराधी के विरुद्ध अनूपपुर एवं शहडोल जिला के कई थानों में मामले दर्ज होने एवं लगातार पशु तस्करी में लिप्त होकर बड़ा नेटवर्क स्थापित कर लिया गया। लगातार अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस द्वारा जिला बदर की कार्यवाही भी पेश की गई है। आरोपी के खिलाफ नए मामले में ट्रक में 33 टन संदिग्ध चोरी का कोयला पाए जाने एवं मोटर व्हीकल एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि मोहम्मद वाजिद का ट्रक क्रमांक सीजी 31 ए 8090 जिसमें संदिग्ध रूप से 33 टन कोयला लोड होकर हाइवे में स्थित ढाबे के पास ग़लत तरीक़े से खड़ा कर रखा गया है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम को भेजते हुए वाहन को जप्त कर कार्यवाही की गई। मौके पर किसी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। मामले में आरोपी मोहम्मद वाजिद 30 वर्ष पिता मोहम्मद अखलाक के खिलाफ धारा 106 बीनएसएस एवं 122/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नांभर शुक्ला, एएसआई सुरेश अहिरवार, महेश साहू, अभय त्रिपाठी, शुभम तिवारी सहित अन्य पुलिस स्टाफ शामिल थे।

## अचानक बदला मौसम का मिजाज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के मौसम का मिजाज बदला हुआ है, एक ओर गर्मी और लू ने लोगों को बेहाल कर रखा है, तो दूसरी ओर बारिश का भी दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने के कारण बारिश का दौर शुरू हो गया है, जिससे गर्मी में कमी आई। शनिवार को सुबह से ही आसमान खुला था दोपहर तक तेज धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा था लू के थपेड़ो के कारण कम लोग ही घरों से निकल रहे थे। भीषण गर्मी के कारण पंखे कूलर भी काम नहीं कर रहे थे वही शाम 4 बजे तेज बारिश होने के कारण नगर की सड़कों मे जल भराव हो गया जिसके बाद एक बार फिर से फिजा ने मौसम में ठंडक घोल दी।

### स्थानीय मजदूरों से 12 घंटे काम लेने के बाद भी वेतन दे रहा आधा, बाहरियों पर मेहरबानी

# नीलकंठ कंपनी बना शोषण का अड्डा

### विरोध करने वालों को दी जा रही नौकरी से निकालने की धमकी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एसईसीएल के आमाडाड ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (ओसीपी) में कार्यरत नीलकंठ कंपनी पर स्थानीय मजदूरों के शोषण और भेदभावपूर्ण नीति अपनाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। दस साल के ठेके पर खदान में काम कर रही यह कंपनी अब क्षेत्रीय लोगों के लिए शोषण का प्रतीक बन चुकी है। हालात इतने खराब हैं कि मजदूरों की पीड़ा अब आक्रोश में तब्दील होने लगी है। करीब 500 से ज्यादा मजदूरों को रोजगार देने वाली नीलकंठ कंपनी पर आरोप है कि वह क्षेत्र के बाहरी मजदूरों को प्राथमिकता देकर उन्हें पूरा वेतन और बेहतर सुविधा दे रही है, जबकि स्थानीय मजदूरों से कम वेतन में 12-12 घंटे काम कराया जा रहा है। यह सीधे-सीधे श्रम कानूनों का उल्लंघन है, जिसमें अधिकतम 8 घंटे काम के बाद श्रमिक को विश्राम देने का नियम है।




### सुरक्षा प्रशिक्षण तक नहीं दिया गया

चौंकाने वाली बात यह भी है कि अधिकांश मजदूरों को बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग कोर्स) तक नहीं कराया गया है। उन्हें खदान में कार्य करने के दौरान सुरक्षा, आपातकालीन प्रक्रिया या किसी दुर्घटना की स्थिति में क्या करना चाहिए। इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। यह न केवल नियमों की अनदेखी है, बल्कि मजदूरों की जान से खेलने जैसा है।नीलकंठ कंपनी की मनमानी पर अभी तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर क्षेत्र में आक्रोश पनप रहा है, लेकिन मजदूर डरे हुए हैं, उन्हें डर है कि आवाज उठाने पर नौकरी से निकाला जा सकता है। सवाल ये है कि जब नियमानुसार काम और वेतन की मांग करना गुनाह बन जाए, तो लोकतंत्र में न्याय कहां मिलेगा? मजदूर संगठनों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि नीलकंठ कंपनी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जब तक मजदूरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित न हो, तब तक कंपनी की ठेकेदारी पर रोक लगाई जाए। नीलकंठ कंपनी पर अब सिर्फ शोषण ही नहीं, दमनकारी रवैये के भी गंभीर आरोप लगे हैं। ठेके पर खदान संचालन कर रही कंपनी ने स्थानीय मजदूरों का जीना मुश्किल कर दिया है और अब जो भी आवाज उठाता है, उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। मजदूरों का कहना है कि जब वे कम वेतन, लंबी ड्यूटी और असुरक्षित कार्य व्यवस्था का विरोध करते हैं, तो कंपनी प्रबंधन की तरफ से सीधा जवाब मिलता है: काम करना है तो चुप रहो, नहीं तो बाहर का रास्ता देखो। यह रवैया श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाने जैसा है।

### लेबर कोर्ट में मामला, लेकिन कंपनी बेफिक्र

हालांकि कुछ मजदूरों ने लेबर कोर्ट में अपना हक पाने के लिए केस दाखिल कर रखा है, लेकिन नीलकंठ कंपनी पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता दिख रहा है। कंपनी की कार्यप्रणाली में न तो पारदर्शिता है, न ही जवाबदेही। मजदूरों को डराया जा रहा है, दबाया जा रहा है, और उनका हक खुलकर छीना जा रहा है।

### न नियम, न सुरक्षा, न इंसाफ, जाएं कहां

खदान में काम कर रहे 500 से अधिक मजदूरों में से ज्यादातर स्थानीय हैं, लेकिन उन्हें सबसे खराब हालातों में झोंक दिया गया है। नीलकंठ कंपनी की प्राथमिकता बाहरी लोगों को रोजगार देना और स्थानीय लोगों से कम वेतन में अधिक काम करवाना है। बीटीसी जैसे जरूरी सुरक्षा प्रशिक्षण भी नहीं दिए जा रहे, जिससे मजदूरों की जान हर पल खतरे में है। अब सवाल यह उठ रहा है कि एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारी इस खुले शोषण पर चुप क्यों हैं? क्या मजदूरों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं बचा? अगर ऐसी मनमानी चलती रही तो क्षेत्र में मजदूरों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

# कछुआ गति से हो रहा नाली निर्माण

### रहवासी परेशान, कार्य की गति बढाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 दारुल उलूम के सामने नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से नाली निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आसपास के रहवासियों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9 मे दारुल उलूम के सामने गली में नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है और यह कार्य लगभग 1 माह से ठेकेदार के द्वारा शुरू किया गया है लेकिन कार्य कछुआ गति होने के कारण आसपास के रहवासियों को आने जाने के साथ ही घरों से बाहर निकलने में भी परेशानी हो रही है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा लगभग 1 माह से नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है



जिसके लिए गड्ढा खोदा गया है और गड्ढे से निकले मालवा को नहीं हटवाया जा रहा है साथ ही घरों से हम लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। हमें यह डर सता रहा है कि कहीं नाली के लिए खोदे गए गड्ढे में कोई घर का सदस्य गिर कर चोटिल न हो जाए। सबसे बड़ी दिक्कत इस बात की है कि यह गली बहुत ही सकरी है। हमारे घर के अंदर से हमारे वाहन नही निकल पा रहे हैं यदि घर का कोई सदस्य बीमार हो जाये तो उसे इलाज के लिए नही ले जा सकते, नाली के लिए खोदे गए गड्ढे मे गिरकर एक कुत्ते की मृत्यु भी हो चुकी है। एक वाहन भी नाली के गड्ढे मे गिर गई थी जिसके कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। मोहल्ले मे कचरा गाड़ी कचरा उठाने नही आ पा रही है जिसके कारण कचरे का ढेर लगा हुआ है। हमारे द्वारा नगर पालिका में भी शिकायत की गई लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आसपास के रहवासियों ने जल्द से जल्द नाली का निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए गली में पड़े मलबे को हटाए जाने की मांग की है जिससे आने जाने में परेशानी न हो।

# दिशा लर्निंग सेंटर अनूपपुर में पुलिस परिवार के बच्चों को दी गई ब्राइटर माइंड की ट्रेनिंग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार दिशा लर्निंग सेंटर अनूपपुर में 10 दिन का ब्राइटर माइंड् की ट्रेनिंग का कोर्स आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस परिवारों के 8 वर्ष से 15 वर्ष तक की आयु के 25 बच्चों को प्रतिदिन ट्रेनिंग दी गई, जिसमें उन्हें कई ब्लाइंड फोल्ड एक्टिविटी जैसे बंद आंखों से कलर पहचाना, सामने कौन व्यक्ति खड़ा है एवं वह किस रंग के कपड़े पहने हुए है पहचाना, रिटर्न टेक्स्ट को कॉपी करना, बंद आंखों से बुक रीडिंग करना, सुई में बंद आंखों से धागा पिरोना, बंद आंखों से माला बुनना, पजल सॉल्व करना सिखाया गया, जिसका समापन के दिन बच्चों ने पुलिस परिवार के सदस्यों के



बीच प्रदर्शन कर दिखाया, इस कोर्स से निश्चित ही बच्चों को एकाग्रता, स्मृति क्षमता, आत्मविश्वास जैसी योग्यताओं के विकास में लाभ मिला है। बच्चों को ट्रेनिंग देने में आरक्षक हीरेंद्र गुर्जर एवं दिव्या खैरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लूट घटना के पांचों आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 7 मई को मजरूब राजू राय पिता मोनी बाबू राय उम्र 19 वर्ष निवासी भमरहा व प्रताप उर्फ किशन सिन्हा पिता कार्तिक सिन्हा उम्र 27 वर्ष निवासी देवरा थाना विजयराघवगढ़ जिला कटनी दोनों लोग अपनी मोटर सायकल से भमरहा से राजेन्द्रग्राम बाजार गये थे और राजेन्द्रग्राम से शाम को भमरहा के लिए दोनों मोटर सायकल से वापस लौटते समय रास्ते में धनपुरी की पानी टंकी के पास पहुंचकर शाम करीब 5.30 बजे टहलते हुए सेल्फी लेते समय दो मोटर सायकल से गांव तरफ से 6 लोग आकर कहां के हो कहकर हाथ मुक्का से मारपीट करना व राजू राय की सोने की अंगूठी, मोबाईल व 10000 रूपये तथा किशन सिन्हा की सोने की चैन, मोबाईल व 14000 रूपये लूट लेना तब मौका पाकर दोनों मजरूब अपनी मोटर साईकिल से दोनों भमरहा चले जाना और चोट अधिक होने से उपचार के लिये राजेन्द्रग्राम अस्पताल में भर्ती हुये थे जहां से अस्पताली तहरीर जांच हेतु थाना राजेन्द्रग्राम में प्राप्त होने पर मजरूबों के कथन लेख कर लेख कर मेडिकल परीक्षण कराया गया। दोनों आहतों के मेडिकल रिपोर्ट व कथन जांच से अपराध धारा 310 (2) बी.एन.एस. का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी किरन सिंह व उसके अन्य साथी आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण सदर के आरोपी किरन सिंह व उसके साथी घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे थे जिसमे 24/05/2025 को आरोपी किरन सिंह पिता अहिरू सिंह श्याम उम्र 28 वर्ष, जनोहर सिंह पिता जगन्नाथ सिंह करियाम उम्र 25 वर्ष, सुरेश सिंह पिता अमरनाथ सिंह करियाम उम्र 20 वर्ष, मिलन सिंह पिता साहिबा सिंह धुर्वे उम्र 24 वर्ष, नर्बद सिंह पिता संतोष सिंह धुर्वे उम्र 20 वर्ष सभी निवासी मजीठा थाना राजेन्द्रग्राम को गिरफ्तार किया जाकर मेमोरेण्डम कथन लेख किया गया जो आरोपीगणों द्वारा अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपीगणों के मेडिकल परीक्षण कराया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपियों को जिला जेल अनूपपुर में दाखिल कराया गया। आरोपीगणों की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पुष्पराजगढ़ के निर्देशन पर निरीक्षक एसपी शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक दीपचन्द बर्मन, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, राजेश पाव, आरक्षक दुर्गेश सिन्द्राम, चालक आरक्षक प्रदीप बारेला के द्वारा तत्परता से कार्य करते हुये प्रकरण के आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गरीबों का निवाला छीनने वाले पीडीएस दुकान के प्रबंधक पर मामला दर्ज

### फर्जीवाड़ा, गबन सहित अन्य संगीन धाराओं में केस दर्ज, आरोपी सेल्समैन फरार

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कोतमा देवगवा में संचालित पीडीएस (शासकीय उचित मूल्य) दुकान में पदस्थ सेल्समैन व प्रबंधक सुरेंद्र पांडे के द्वारा 90 क्विंटल राशन चावल 180 बोरी कीमती लगभग 5 लाख रुपए के सरकारी खाद्यान्न को गबन एवं हेराफेरी करते हुए थाने एवं विभाग में चोरी को लेकर मनगढ़ंत शिकायत दर्ज कराई गई थी । गरीबों के राशन में हुई फर्जीवाड़ा को लेकर जिला कलेक्टर एवं जिला खाद्य अधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषी पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अलका पटेल द्वारा मामले की जांच की गई हितग्राहियों, ग्रामीणों एवं प्रबंधक के कथन एवं स्टॉक की जांच उपरांत प्रबंधक सुरेंद्र पांडे पिता अनुसुइया पांडे निवासी बस्ती कोतमा के द्वारा ही भारी मात्रा में गरीबों के निवाले की धोखाधड़ी व हेराफेरी किए जाने को लेकर शुक्रवार को थाना भालूमाडा में धारा 318 (4), 316(2) 316 (5) बीएनएस एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/5 के तहत मामला दर्ज कराया गया। विदित है कि प्रबंधक सुरेंद्र पांडे द्वारा थाना भालूमाडा में सूचना दर्ज कराया कि देवगवा गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़ते हुए 180 बोरी चावल कीमती 5 लाख की चोरी हो गई है। चोरों के द्वारा 2 नए तले भी लगाकर चले गए हैं। प्रथम दृष्टया ही मामला संदिग्ध एवं अजीबो गरीब पाया गया। जिसको लेकर पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अलका पटेल के द्वारा प्रबंधक एवं सेल्समैन सुरेन्द्र पांडे के खिलाफ फर्जीवाड़ा, गबन सहित अन्य संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया गया। आरोपी सेल्समैन सुरेन्द्र पांडे फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।






# लेखनी को और धारदार बनाने पत्रकारों ने लिया प्रशिक्षण




### राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा आयोजित किया कार्यक्रम प्रशासनिक अधिकारियों समेत विद्वानों ने पत्रकारों का बढाया ज्ञानकोष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लोकतंत्र में पत्रकारिता को विशिष्ट सम्मान प्राप्त है पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को नई दिशा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें, पत्रकार समाज का आईना होता है उक्ताशय के विचार पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर द्वारा आयोजित पत्रकारिता का बदलता स्वरूप और चुनौतियां विषय पर धनश्री पैलेस अनूपपुर के सभागार में आयोजित एक दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण 2025 के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो इसरार मंसूरी, नगर निरीक्षक अनूपपुर अरविंद जैन, विलोक पाठक प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला राष्ट्रीय समाचार पत्रों के स्तंभकार तथा राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार ॠतुपर्ण दवे, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष पत्रकार सुनील चौरसिया, ईगांराजजाविवि अमरकंटक के प्रोफेसर डॉ.विकास सिंह, संकल्प ग्रुप आफ कॉलेज के निर्देशक अंकित शुक्ला सहित जिले के विभिन्न अंचलों के पत्रकार उपस्थित थे। संचालन वर्षा प्रजापति ने किया सहयोग में अंकिता शुक्ला एवं पूजा पनिका रहीं।

### पुलिस अधीक्षक ने साइबर बचाव के लिए किया सजग

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पत्रकारिता में किसी घटना क्रम पर खबर छपने के पहले उनके विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखना भी आवश्यक है। घटना क्रम को देखने की दृष्टि एक पक्षी ना होकर बहुपक्षी होना चाहिए जिससे सटीक और सही जानकारी समाचार के माध्यम से रखी जा सके। भारतीय ने संहिता में स्वतंत्रता के अधिकार के तहत जो स्वतंत्रता प्राप्त है उसके परिभाषा को ध्यान रखना जरूरी है किसी की स्वतंत्रता बाधित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए उन्होंने बदलते दौर में सोशल मीडिया के प्रचलन की बात करते हुए कहा कि अपनी निजी जानकारी को सोशल मीडिया में शेयर करने से कई बार खतरा उत्पन्न हो जाता है जिससे साइबर अपराध की संभावना भी बढ़ जाती है। साइबर सुरक्षा के बचाव के लिए हमें सजग रहना होगा, साइबर जागरूकता के प्रचार- प्रसार के लिए पत्रकारों को जनहित में बेहतर जानकारी के प्रकाशन की अपेक्षा भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अपराध के मामलों में पत्रकारों को तथ्यात्मक पक्ष पूरी सच्चाई से उजागर करना चाहिए इसमें जिम्मेदार अधिकारियों से तथा पीड़ित पक्ष आदि के तथ्य भी समावेशित होना चाहिए जिससे समाचार को मजबूती मिलती है उन्होंने सटीक लेखन पर जोर दिया उन्होंने कहा कि इस तरह से पत्रकारिता की वैल्यू भी बढ़ती है। पत्रकार घटनाक्रम को भाषा का स्वरूप देकर उसे जनता तक पहुंचाते हैं यह काम सरल नहीं है उन्होंने पत्रकारों से समाचारों को प्रभावी बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पढ़ने तथा लेखन को सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।

### तथ्यपरक खबरों के प्रकाशन पर जोर

अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रेस मीडिया के समन्वय से ही प्रशासन की बातें आम जनता तक पहुंचती हैं उन्होंने तथ्य परक खबरों के प्रकाशन पर जोर दिया। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेई ने कहा कि जनतंत्र तक आम जनों की समस्याओं को रखने का बड़ा कार्य पत्रकारों के हाथों में है जिसे पूरी कर्तव्य निष्ठा से पत्रकारों को जिम्मेदारी को निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने प्रेरणात्मक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला इकाई अनूपपुर की सराहना की।



डिजिटल युग में पत्रकारिता पर फोकस

राष्ट्रीय समाचार पत्रों के स्तंभ का राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार ॠतुपर्ण दवे ने डिजिटल युग में पत्रकारिता, ईगांराजजाविवि अमरकंटक के प्रोफेसर डॉ विकास सिंह ने समाज को दिशा देने में कैसा हो पत्रकारों का योगदान, नगर निरीक्षक पुलिस अनूपपुर अरविंद जैन ने साइबर और क्राईम के समाचारों में पत्रकारों की भूमिका के कानूनी प्रावधान, राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक एवं प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। एकदिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण 2025 के उद्देश्यों के संबंध में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया ने किया। प्रशिक्षण के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बिजुरी के व वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मिश्रा, संजीव द्विवेदी एवं अजय रस्तोगी को परिषद के राष्ट्रीय व प्रादेशिक पदाधिकारियों ने सदस्यता दिलाई।

# पेट दर्द से परेशान बालिका ने लगाई फांसी मौत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के पटौरा टोला निवासी एक एक 13 साल की बालिका बालिका अपने नानी के घर जैतपुर घूमने गई थी जहां पेट दर्द से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालिका पिछले कुछ सालों से पेट के दर्द से काफी परेशान थी, उसका इलाज भी चल रहा था, लेकिन उसे आराम नहीं मिला, नानी के घर घूमने आई बालिका ने फांसी लगा ली। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि पटौरा टोला की रहने वाली बालिका संतोषी शिवहरे पिता गोपाल शिवहरे (13) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के बिलटिकुरी की है। पुलिस के अनुसार संतोषी के नानी का घर जैतपुर के बिलटिकुरी गांव में है। संतोषी अकेले ही स्कूल की छुट्टी में नानी के घर घूमने आई थी और वह पिछले एक माह से यहां रह रहा था। नानी के घर में पेट दर्द से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि संतोषी के पेट में पिछले कुछ सालों से लगातार दर्द रहता था, परिजनों ने अनूपपुर जिला अस्पताल में बीते कुछ माह पहले उसे भर्ती कर इलाज करवाया था। इलाज के बाद संतोषी को कुछ राहत मिली थी, लेकिन उसे नानी के घर में अचानक पेट का दर्द शुरू हो गया, जिससे वह परेशान होकर यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने बताया कि संतोषी ने नानी के घर में फांसी लगाई है। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी थी, मौके पर जब पुलिस पहुंची तो पता चला कि संतोषी सुबह 10 बजे खाना खाकर अपने कमरे में चली गई, काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकली तो मामा ने उसे आवाज दी, जिसके बाद उसने दरवाजा नहीं खोला, परिजनों को कुछ शंका हुई तब जाकर दरवाजा तोड़ा गया तब फांसी लगाने की बात सामने आई। जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, घटना स्थल पहुंची पुलिस में अपनी पड़ता शुरू कर दी है। उप निरीक्षक राजकुमार ठाकुर ने बताया की मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बालिका पेट के दर्द से परेशान थी, इसी वजह से उसने फांसी लगाई होगी, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चीज स्पष्ट होगी।

